षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 सोमवार, दिनांक- 27 फरवरी, 2017 ई॰ ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.05 बजे अप॰ तक ।

कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय नेता विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा कुछ हाल की घटनाओं की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया जिस पर आसन से कहा गया कि इस विषय को निर्धारित समय पर ही उठाया जाय ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-9 स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित ।

(iii) 13 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iv) 77 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन :-**

माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी, श्री अरूण कुमार सिन्हा, श्री ललन पासवान, श्री विद्या सागर केशरी, श्री विजय कुमार खेमका, श्री संजीव चौरसिया, श्री विजय कुमार सिन्हा, श्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं श्री नितिन नवीन से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री (मो॰) नेमतुल्लाह (ii) श्री महबूब आलम

(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव

''इस दौरान नेता विरोधी दल श्री प्रेम कुमार द्वारा उठाये गये बिन्दुओं के क्रियान्वयन की मांग आसन से की गयी एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

सरकार की ओर से माननीय संसदीय कार्यमंत्री श्री श्रवण कुमार द्वारा स्थिति स्पष्ट की गयी ।

आसन द्वारा पुनः माननीय नेता विरोधी दल से आग्रह किया गया कि सदन के चलने में आप आसन का सहयोग करें और अपने माननीय सदस्यों को अपने-अपने स्थान पर बैठने का निदेश दें । किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 4.35 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[4] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक वित्तीय विवरण का उपस्थापन :-

(i) माननीय मंत्री वित्त श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के वार्षिक वित्तीय विवरण को सदन में उपस्थापित किया गया तथा बजट भाषण दिया गया ।

(ii) माननीय मंत्री वित्त श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्त वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

[5] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद :-

माननीय सदस्य श्री श्याम रजक ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा पक्ष रखा ।

माननीय सदस्या श्रीमती एज्या यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन किया एवं अपना पक्ष रखा ।

आसन से घोषणा की गई कि माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री प्रेम कुमार तथा माननीय सदस्या श्रीमती बेबी कुमारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रस्तुत किया गया संशोधन नियमानुकूल है तथा इसे सदन की सहमति से पढ़ा हुआ माना जाय ।

तदुपरांत माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना संशोधन प्रस्तुत करते हुए पक्ष रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि सदन की कार्यवाही 04:30 बजे अपराह्न तक के लिए विस्तारित की जाती है ।

धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती बेबी कुमारी (ii) श्री कुमार सर्वजीत

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री नरेन्द्र नारायण यादव ने आसन ग्रहण किया ।)

(iii) श्री सदानन्द सिंह

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

आसन से घोषणा की गई कि सदन की कार्यवाही माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह के भाषण की समाप्ति तक विस्तारित की जाती है ।

आसन से घोषणा की गयी कि यह वाद-विवाद कल दिनांक-28 फरवरी, 2017 को भी जारी रहेगा ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-06 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-28 फरवरी, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-27.02.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।